हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 24 अक्टूबर, 2025

12 बीमा राशि देने में देरी को सहन नहीं किया जाएगा




12 रन फॉर यूनिटी की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



### खबर संक्षेप

## टोहाना पुलिस ने हेरोइन सहित युवक को दबोचा

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए टोहाना पुलिस ने एक युवक को 6.37 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सेठी उर्फ सुनील पुत्र महाबीर पुत्र पग्गु, निवासी किला मोहल्ला, टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि पुलिस पार्टी रूटीन गश्त के दौरान रतिया रोड से होते हुए किला मोहल्ला स्थित शिवालिक स्कूल के पास पहुंची। इस दौरान एक संदिग्ध युवक को रोककर नियमानुसार तलाशी ली गई, जिसमें से 6.37 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

## एएनसी स्टाफ ने उद्घोषित अपराधी को किया काबू

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा फरार व उद्घोषित अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एएनसी स्टाफ फतेहाबाद ने एक उद्घोषित अपराधी को काबू किया है। एएनसी स्टाफ फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी बिल्लू पुत्र काशी राम निवासी अशोक नगर, फतेहाबाद जोकि अब मानसा, पंजाब में रहता है, को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ 13 जनवरी 2022 को धारा 174-ए भारतीय दंड संहिता के तहत थाना शहर फतेहाबाद में मामला दर्ज है। आरोपी लंबे समय से न्यायालय से अनुपस्थित रहकर फरार चल रहा था।

## बस अड्डे के पास जुआ खेलते 9 लोग दबोचा

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने गांव रत्ताखेड़ा में छापेमारी कार्रवाई करते हुए जुआ खेलते नौ आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। थाना शहर रतिया प्रभारी रणजीत सिंह ने बताया कि गुप्तचर से प्राप्त विशेष सूचना के आधार पर गांव रत्ताखेड़ा बस स्टैंड के पीछे स्थित एक दुकान पर छापेमारी की गई, जहां 9 व्यक्ति ताश से जुआ खेलते पाए गए। पुलिस ने मौके से 12 हजार 300 नकद राशि एवं ताश के पत्ते बरामद किए।

## नेशनल इंश्योरेंस कंपनी कार्यालय का उद्घाटन आज

**सिरसा।** नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड का कार्यालय मुख्य डाकघर के सामने अपने नवनिर्मित भवन में आगामी 24 अक्तूबर, को स्थानांतरित किया जाएगा। मुख्य व्यवसायिक प्रबंधक वीके गुंबर ने बताया कि कार्यालय का उद्घाटन विधायक गोकुल सेतिया व उप महाप्रबंधक क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ केजी शर्मा संयुक्त रूप से करेंगे। गुंबर ने बताया कि भारत की प्रथम सामान्य बीमा व्यवसाय कंपनी नेशनल इंश्योरेंस अपने 117 गौरवशाली वर्ष पूर्ण कर 118वें वर्ष में प्रवेश कर गई है तथा कंपनी द्वारा निरंतर अपने ग्राहकों को बहुमूल्य सेवाएं दी जा रही है।

## पराली जलाने पर 4 किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

# पराली के धुंए का दिखा कहर एक्यूआई पहुंचा 300 के पार

- मेरा फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रेड एंट्री में डाले गए चारों नाम
- विभाग को 7 लोकेशन भेजी चार पर जलती मिली पराली

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



फतेहाबाद। पराली जलने से उठता जहरीला धुंआ। (फाइल फोटो) फोटो : हरिभूमि

धान की पराली जलाने के मामले में वीरवार तक हरसेक ने कृषि विभाग को 7 लोकेशन भेजी हैं। कृषि विभाग की टीम जब मौके पर पहुंची तो 4 लोकेशन पराली में आगजनी पाई गई जबकि एक गैर कृषि क्षेत्र में थी जबकि एक लोकेशन ट्रेस नहीं हो पाई वहीं एक मामले में कानूनी प्रक्रिया जारी है। विभाग की शिकायत पर पुलिस ने 4 किसानों पर एफआईआर दर्ज की है। इन किसानों को विभाग ने 5-5 हजार रुपये चालान के नोटिस जारी किए हैं। जिन किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है, उन किसानों के नाम रेड एंट्री में दर्ज किए गए हैं। अब यह किसान दो साल तक एमएसपी पर सरकार को फसल नहीं बेच पाएंगे। दीपावली के बाद ऐसा पहली बार हो रहा है कि पराली जलाने की घटनाएं बढ़ रही है, जिसके चलते दीपावली के तीन दिन फतेहाबाद का वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 को पार कर गया। बता दें कि पिछली दीवाली तक पराली जलाने पर 67 किसानों पर एफआईआर दर्ज हुई थी और यह किसान मेरी फसल-मेरी ब्यौरा पोर्टल में रेड एंट्री में शामिल है। यानि कि इस बार यह किसान एमएसपी पर फसल नहीं बेच पाए। बीते वर्ष एक्यूआई 500 के खतरनाक स्तर को पार कर गया था। दूसरी ओर, खेतों में पराली या भूसे को जलाने से उत्पन्न गंभीर वायु प्रदूषण और उससे मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को देखते हुए फतेहाबाद पुलिस ने एक सख्त एडवाइजरी जारी की है। इसका उद्देश्य किसानों एवं जिलेवासियों को जागरूक करना और पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाना है।



एसपी सिद्धांत जैन।

### पराली या भूसे को जलाना कानूनन अपराध

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने स्पष्ट रूप से कहा है कि पराली या भूसे को जलाना कानूनन अपराध है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेशों के तहत ऐसा करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध जुर्माना, एफआईआर, और अन्य कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। खेतों या खुले स्थानों पर पराली अथवा भूसे को आग लगाना दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है और इसके प्रति पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई है। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से खेत की उर्वरक शक्ति में कमी आती है, जबकि इसके धुएं से वातावरण में धुंध फैलती है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है। वायु प्रदूषण के कारण अस्थमा, एलर्जी, हृदय रोग, और फेफड़ों की बीमारियों में भी वृद्धि होती है। सरकार द्वारा पराली प्रबंधन के लिए आधुनिक मशीनें जैसे सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम, हैप्पी सीडर, मल्चर आदि उपलब्ध कराई गई हैं, जिनका किसान लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिले में पुलिस की विशेष निगरानी टीमें निरंतर सक्रिय रहेंगी और पराली जलाने की किसी भी सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ग्राम स्तर पर बीट अधिकारी किसानों से संवाद स्थापित करेंगे और उन्हें पराली प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों के प्रति जागरूक करेंगे।

### भविष्य के लिए खतरा

एसपी ने कहा कि पराली या भूसे को जलाना केवल कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि हमारे समाज और आने वाली पीढ़ी के भविष्य के लिए भी गंभीर खतरा है। किसानों से अनुरोध है कि वे सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए विकल्पों का उपयोग करें और पर्यावरण की रक्षा में अपना सक्रिय योगदान दें। एसपी ने जिलेवासियों से अपील की है कि यदि कहीं भी पराली या भूसे को जलाए जाने की घटना दिखाई दे, तो उसकी सूचना तुरंत निकटतम थाना, बीट अधिकारी, पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 88140-11741, या पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर दें।

# माजरा फैशन कैम्प से लाखों की चोरी का खुलासा, यूपी से बरामद किए कपड़े

- चोर लाखों के सूट चोरी कर पिकअप में भरकर ले गए थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



फतेहाबाद। यूपी से बरामद किए गए शोरूम से चुराये गए सूट।

गांव माजरा स्थित माजरा फैशन कैम्प में हुई लाखों रुपये की चोरी की गुत्थी को फतेहाबाद पुलिस ने सुलझाते हुए चोरीशुदा माल को उत्तरप्रदेश से बरामद कर लिया है। 2 अक्टूबर की रात को गांव माजरा में स्थित एक प्रतिष्ठित कपड़ों के शोरूम में लाखों रुपये के तैयार कपड़ों की चोरी की घटना सामने आई थी। चोर यहां से लाखों के सूट चोरी कर पिकअप में भरकर ले गए थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सीआईए टीम को जांच सौंपी।

### गिरोह विभिन्न जिलों में वारदात को अंजाम देता था

सीआईए फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि इस मामले में पिछले दिनों पुलिस ने दो युवकों को काबू कर लिया तथा चोरी में प्रयुक्त पिकअप गाड़ी को भी कब्जे में ले लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने चोरी में शामिल अन्य साथियों के नाम और ठिकानों का खुलासा किया। इसके बाद पुलिस ने उत्तर प्रदेश के गंगोह क्षेत्र में दबिश दी और वहां से लाखों रुपये मूल्य के लेडीज सूट व कपड़े बरामद किए। बरामद किया गया माल वही था, जो उक्त शोरूम से चोरी किया गया था। पुलिस जांच में यह भी खुलासा हुआ कि यह गिरोह विभिन्न जिलों में दुकानों और शोरूमों को निशाना बनाता था। गिरोह के सदस्य पहले इलाके की रेकी करते और फिर रात के अंधेरे में वारदात को अंजाम देते थे। फतेहाबाद पुलिस ने इस चोरी के तार अन्य जिलों से जुड़े होने की भी संभावना जताई है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि फतेहाबाद पुलिस अपराधियों के लिए किसी भी सूरत में ढील नहीं देगी। उन्होंने इस सफलता के लिए पूरी टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा भी की है।

## डिपार्टमेंटल स्टोर पर काम करने वाले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**फतेहाबाद।** शहर में एक डिपार्टमेंट स्टोर पर काम करने वाले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का समाचार है। इस बारे सूचना मिलते ही शहर फतेहाबाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मृतक की पहचान राजेश कुमार उर्फ राजू के रूप में हुई है। मृतक की बहन रजनी ने बताया कि उसके पिता का निधन हो चुका है। उसका भाई 27 वर्षीय राजेश शहर में एमडीएम स्टोर पर काम करता था। वह स्टोर मालिक के साथ ही रहता था। वीरवार सुबह उसे सूचना मिली कि उसके भाई को सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। उसकी तबीयत बिगड़ी हुई है। सूचना मिलने पर जब वह अस्पताल पहुंचे तो उसको डॉक्टर ने मृत घोषित किया हुआ था।

### फसल मुआवजा राशि गबन का मामला

# आर्थिक अपराध शाखा ने चौथे आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद आर्थिक अपराध शाखा ने कार्रवाई करते हुए फसल मुआवजा राशि गबन मामले में नामजद चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रामनिवास पुत्र महाबीर निवासी गांव खाराखेड़ी, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। यह मामला राज्य सरकार द्वारा खरीफ वर्ष 2021 के दौरान फसल खराब से प्रभावित किसानों को वर्ष 2022 में जारी की गई क्षतिपूर्ति राशि के गबन से संबंधित है। आर्थिक अपराध शाखा इंचार्ज ने बताया कि 31 मई को शिकायतकर्ता उपनिरीक्षक राजेश कुमार, मुख्यमंत्री उडऩदस्ता, हिसार द्वारा थाना शहर फतेहाबाद में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि नामजद व्यक्तियों ने राज्य सरकार की मुआवजा राशि का गबन किया है। शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई थी। इससे पूर्व इस प्रकरण में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसी क्रम में अब चौथे आरोपी रामनिवास को गिरफ्तार कर थाना फतेहाबाद में बंद हवालात कराया गया है। मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा, फतेहाबाद द्वारा जारी है।

# लाखों रुपये की अफीम तस्करी के मामले में अंतरराज्यीय नशा तस्कर मध्यप्रदेश से काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

डबवाली पुलिस ने लाखों रुपये की तीन किलोग्राम अफीम तस्करी मामले में अंतरराज्यीय नशा तस्कर को मध्यप्रदेश क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान घनश्याम निवासी पिपलिया मंडी मंदसौर मध्यप्रदेश के रूप में हुई है।

सीआईए कालांवाली प्रभारी सुरेश कुमार ने वीरवार को बताया कि पुलिस ने बीती 14 अक्टूबर को गांव ओढां क्षेत्र से कार सवार आरोपी दिनेश कुमार को तीन किलो 117 ग्राम अफीम सहित गिरफ्तार किया था। पकड़े गई अफीम की कीमत करीब छह लाख रुपये आकी गई। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी ने बताया कि वह अफीम मध्य प्रदेश से घनश्याम से खरीदकर लाया था। जिस पर पुलिस ने घनश्याम के खिलाफ भी ओढां थाना में मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाकर आरोपी घनश्याम को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जाएगी।



सिरसा। पकड़ा गया नशा तस्कर पुलिस गिरफ्त में। फोटो : हरिभूमि

### केस दर्ज

इसके अलावा पुलिस ने चूरापोस्त मामले में वांछित एक महिला तस्कर को किलियांवाली पंजाब क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। सीआईए डबवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि चूरापोस्त तस्करी मामले में आरोपी महिला फरार चल रही थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गांव डबवाली क्षेत्र से रामसिंह उर्फ रामजी को 4 किलो 11 ग्राम चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया था। आरोपी रामसिंह ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह चूरापोस्त आरोपी महिला निवासी रामपुरा फूल से लेकर आया था। जिस पर पुलिस ने महिला के खिलाफ भी डबवाली थाना में मामला दर्ज कर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आज महत्वपूर्ण सुराग जुटाकर आरोपी महिला को किलियांवाली क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है।

## मंडियों में 1,85,590 मीट्रिक टन धान की खरीद

**सिरसा।** सिरसा जिले की विभिन्न मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 1,85,590 मीट्रिक टन (एमटी) धान की खरीद की जा चुकी है। कुल आवक में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 84245 एमटी, हैफेड द्वारा 83989 एमटी तथा हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कारपोरेशन द्वारा 17356 एमटी खरीद की गई है। इसके साथ-साथ उठान प्रक्रिया भी तेजी से जारी है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक मुकेश कुमार ने गुरुवार को बताया कि बड़ागुढ़ा मंडी में 3512 एमटी, डबवाली मंडी में 25942 एमटी, कालांवाली मंडी में 55078 एमटी, फग्गु मंडी में 5674 एमटी, रानियां मंडी में 9238 एमटी, रोड़ी में 8076 एमटी, सिरसा मंडी में 20531 एमटी, सुरतिया मंडी में 4416 एमटी, ओढां में 5734 एमटी धान की खरीद दर्ज की गई।

### फतेहाबाद में मानवता हुई शर्मसार

# चांदपुरा में सड़क पर मिला नवजात बच्ची का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

फतेहाबाद जिले में वीरवार को मानवता को शर्मसार करने की घटना सामने आई। जिले के जाखल खंड के गांव चांदपुरा में आज सुबह सड़क पर एक नवजात बच्ची का शव मिलने से सनसनी फैल गई।

ग्रामीणों ने तुरंत इस बारे पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही जाखल पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और नवजात के शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

सीन ऑफ क्राइम की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।



फतेहाबाद। जाखल के गांव चांदपुरा में सड़क पर पड़ा नवजात का शव।

### पुलिस मामले की जांच की जा रही

मिली जानकारी के अनुसार गांव चांदपुरा में वीरवार सुबह जब ग्रामीण सुबह सैर के लिए निकले तो उन्होंने गुरूद्वारे के पास वाली सड़क पर नाली के किनारे एक नवजात बच्चे के शव को पड़े देखा। कुछ ही क्षणों में पूरे गांव में नवजात बच्चे का शव मिलने की बात फैल गई। सूचना मिलते ही गांव के सरपंच अमरीक सिंह व ब्लाक समिति मैम्बर रामचन्द्र भी मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना डायल 112 पर दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और जाखल थाना प्रभारी सुरेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। बाद में सीन ऑफ क्राइम की टीम को भी जींद से बुलाया गया। जाखल थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम मौके पर जांच पड़ताल कर रही है। आसपास रहने वाले लोगों से पूछताछ की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि नवजात के शव को यहां किसने छोड़ा है। दूसरी ओर गांव में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। शव को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि शव को किसी ने रात के समय गली में फेंका है। किसी ने या तो लोकलाज के डर से या फिर किसी कलियुगी मां-बाप ने लड़की पैदा होने के कारण उसे गली में फेंका है।

# स्कूली बच्चों ने रैली के माध्यम से किया पराली न जलाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पराली में आगजनी की घटनाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की टीमें फील्ड में सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। विभागीय अधिकारी और कर्मचारी गांव-गांव जाकर किसानों से संवाद स्थापित कर रहे हैं और उन्हें पराली न जलाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। साथ ही किसानों को पराली प्रबंधन के आधुनिक एवं पर्यावरण हितैषी उपायों के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा स्कूली बच्चों द्वारा भी मोचीवाली, नानकपुर आदि गांवों में जागरूकता रैली के माध्यम से पराली न जलाने को लेकर आह्वान किया गया। विभाग के उपनिदेशक डॉ. सुखदेव सिंह ने बताया कि वीरवार को टीमों ने गांव बग्गुवाली, खतरावां, दौलतपुरखेड़ा, रत्ताखेड़ा, मलड़ी, झोरडऩाली, जीवन नगर, करीवाला, केवल, मल्लेवाला, मंगाला, नौरंग, मल्लेकां और प्रतापगढ़ में ग्रामीणों को पराली प्रबंधन के फायदों के बारे में जागरूक किया। कृषि विभाग की टीमें किसानों को पराली से खाद, चारा, गांठे बनाकर बेचने जैसे उपायों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं, ताकि पर्यावरण को होने वाले प्रदूषण से बचाव किया जा सके।




सिरसा। पराली की जागरुकता को लेकर रैली निकालते हुए स्कूली बच्चे।

### किसानों से अपील की कि वे पराली न जलाएं

किसानों से अपील की कि वे पराली को जलाने के बजाय उसका उचित प्रबंधन करें और सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार पराली प्रबंधन के लिए 1200 रुपये प्रति एकड़ अनुदान दिया जा रहा है, बहुत से किसान पराली प्रबंधन कर रहे हैं। विभाग द्वारा सुपर सीडर व बेलर पर भी सब्सिडी उपलब्ध करवाई जाती है।

**अभियान** अभियान चलाकर राज्य के सभी पशुओं का टीकाकरण किया जा रहा

# जिला में 54 पशु चिकित्सकों की देखरेख में 3.5 लाख पशुओं का किया जाएगा टीकाकरण

पशुपालकों के घर पर जाकर सभी पशुओं को टीके लगाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में पशुओं को मुंहखुर एवं गलघोटू से बचाव हेतु एक टीकाकरण हरियाणा में लगवाया जा रहा है। यह टीका साल में दो बार लगाया जाता है जिसके तहत पूरे हरियाणा में अभियान चलाकर राज्य के सभी पशुओं का टीकाकरण किया जा रहा है।

इस अभियान के तहत जिला फतेहाबाद में 3 लाख 40 हजार पशुओं का टीकाकरण किया जाएगा। जिला में 54 पशु चिकित्सकों की देखरेख में टीम गठित की गई है जोकि पशुपालकों के घर द्वार पर जाकर सभी पशुओं को टीके लगाएगी। इसी कड़ी में पशु अस्पताल शेखूपुर दडौली के अंतर्गत गौशाला में टीकाकरण अभियान की शुरुआत पशु चिकित्सक डॉ. रामनिवास बिश्नोई की अगुवाई में की गई।

इस मौके पर पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. सुखविंद्र सिंह ने जिला के सभी पशुपालकों को अपील करते हुए बताया है कि विभाग की टीम घर द्वार पर जाकर टीकाकरण का कार्य करेगी। इसलिए सभी पशुपालक, गौशाला समितियों के प्रबंधक, प्राइवेट डेरी संचालक अपने-अपने पशुओं के मुंहखुर एवं गलघोटू का टीका अवश्य लगवाएं। इस मौके पर वीएलडीए अनिल, राजवीर बेनीवाल व जगतपाल इत्यादि उपस्थित रहे।

### गलघोटू खतरनाक बीमारी

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि मुंहखुर एवं गलघोटू रोग एक खतरनाक बीमारी है। मुंहखुर बीमारी में मुंह और खुर में छाले पड़ जाते हैं जिसकी वजह से पशु को चारा खाने व चलने में दिक्कत होती है जबकि गलघोटू रोग में तेज बुखार, गला सूजना, सांस न ले पाना आदि दिक्कतें होती है जिसकी वजह से पशुओं के दुग्ध उत्पादन पर काफी बुरा प्रभाव पड़ता है। इसमें पशुपालक को ईलाज के रूप में काफी आर्थिक हानि होती है। कई बार तो पशुओं की मृत्यु भी हो जाती है। इस वजह से हरियाणा सरकार ने पहल करते हुए पूरे राज्य में मुफ्त टीकाकरण अभियान चलाकर इन बीमारियों को जड़ से खत्म करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत प्रत्येक पशुपालक के पशुओं को पशुपालन विभाग की टीम उनके घर जाकर मुफ्त में टीकाकरण का कार्य करेगी। टीकाकरण के साथ-साथ सभी पशुओं की टेगिंग करके भारत पशुधन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।



फतेहाबाद। अभियान के तहत पशुओं का टीकाकरण करते पशुपालन विभाग की टीम। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### खाटू श्याम धाम में मनाया अन्नकूट व गोवर्धन पर्व

**सिरसा।** श्री खाटू श्याम मंदिर में श्याम परिवार ने अन्नकूट प्रसाद वितरण किया। दीपेश गोयल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत में पंडित उमेश व विजेंद्र ने मिलकर भारत भूषण परिवार व विजय तनेजा व उनकी धर्मपत्नी पारुल तनेजा ने परिवार सहित अन्य श्रद्धालुओं के साथ गोवद्र्धन की पूजा करवा कर व ज्योत प्रज्जवलित की। इस अवसर पर गोवद्र्धन भगवान को दूध से स्नान करवाया गया और 56 भोग प्रसाद का भोग लगाया गया। ट्रस्ट पदाधिकारियों द्वारा श्याम बाबा सहित सभी देवी-देवताओं को भोग लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रांगण में अन्नकूट के रूप में कढ़ी-खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया, वहीं टिफिन व अन्य साधनों से प्रसाद अपने घर ले जाने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

### 96 विद्यार्थियों ने लिया प्रतियोगिता में भाग

# जिला स्तरीय निबंध लेखन स्पर्धा में टॉप-10 का हुआ राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिरसा

हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस, इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में वीरवार को जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरपुर में हुआ। प्रोग्राम के नोडल अधिकारी और जिला विज्ञान विशेषज्ञ डा. मुकेश कुमार ने बताया कि जिलास्तरीय निबन्ध लेखन प्रतियोगिता हरियाणा स्कूल शिक्षा बोर्ड/ सीबीएसई/ आईसीएसई से संबद्ध स्कूल में 9वीं से 12वीं कक्षा तक पढने वाले सभी विज्ञान के छात्रों के लिए आयोजित की गयी थी। प्रतियोगिता की अवधि एक घंटा थी। निबंध हिंदी या अंग्रेजी भाषा में 800-1000 शब्दों के अनुरूप लिखा जा सकता था।



सिरसा। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**जिलास्तरीय प्रतियोगिता के सफल आयोजन में इनका रहा योगदान**

इस वर्ष विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता के विषय थे कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग की नैतिकता, अंतरिक्ष अन्वेषण के लाभ, डिजिटल गोपनीयता क्यों महत्वपूर्ण है, राष्ट्र की प्रगति में विज्ञान और प्रौद्योगिकी, बाढ़ का प्रभाव और जटिलता। जिलास्तरीय प्रतियोगिता के सफल आयोजन में डाइट डिंग से जीव विज्ञान के प्रवक्ता चन्द्र प्रकाश, आरोही मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय झिड़ी से भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता कमल किशोर, राजकीय माध्यमिक विद्यालय पीरखेड़ा से सूर्य शर्मा और राजकीय प्राथमिक पाठशाला फिरोजाबाद से ठाकुर प्रसाद का विशेष योगदान रहा।

**ये रहा परिणाम**

जिलास्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में टॉप दस निबंधों का चयन किया गया था। टॉप दस विद्यार्थियों में द जीनियस स्कूल रानियां से प्रियांशी मेहता और कृतिका, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माधोसिंघाना से पूजा रानी, सागर मणी हाई स्कूल से प्रिंसी, राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिरसा से शिवम, एसवीएम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माधोसिंघाना से अंशुल, आर के सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिरसा से वर्षा रानी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरेकां से वंदना और द गुरुकुल स्कूल रानियां से डिम्पलप्रीत व सनान्य शर्मा के निबन्ध चयनित हुए। ये चयनित सभी विद्यार्थी राज्य स्तरीय निबन्ध लेखन प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## न्यूज डायरी



### विद्यार्थियों को वितरित किए शूज

**सिरसा।** राष्ट्रीय संस्था पर्यावरण प्रेरणा द्वारा बाबा सरसाईनाथ बुक बैंक वेल्फेयर ट्रस्ट के सहयोग से वीरवार को राजकीय प्राथमिक पाठशाला महावीर दल में 268 विद्यार्थियों तथा श्री गौशाल में काम कर रहे 28 ग्वालों को शूज बांटे गए। स्कूल प्रवक्ता गोविल सिसोदिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में समाजसेवी गुरजीत सिंह मान व नगरपार्षद मनमोहन मिढा मुख्यातिथि के रुप में शिरकत की जबकि अध्यक्षता प्राचार्य सुनील वर्मा ने की। इस कार्यक्रम में पर्यावरण प्रेरणा के महासचिव सुमन मित्तल व बुक बैंक के महासचिव प्रेम कंदोई विशिष्ट अतिथि थे। मुख्यातिथि गुरदीप सैनी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पर्यावरण प्रेरणा एडवोकेट रमेश गोयल ने विशेष तौर पर आर्थिक सहयोग किया। उन्होंने कहा कि पहले चरण में 511 विद्यार्थियों को स्कूल शूज बांटे गए थे। अगले चरण में 400 विद्यार्थियों को शूज बांटे जाएंगे। पार्षद मनमोहन मिढा ने ट्रस्ट की इस पहल का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि सुमन मित्तल ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनके पेड़ बनने तक देखभाल भी करें।



### भैया दूज पर बहनों ने भाइयों को लगाया तिलक

**सिरसा।** दीपावली पर्व के बाद कीर्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया को भैया दूज पर बृहस्पतिवार को बहनों ने भाईयों को कुमकुम का तिलक लगाकर उन्हें नारियल देकर आरती उतारकर भाईयों के लंबी उम्र की कामना की। वहीं भाईयों ने भी अपनी बहनों को भेंट स्वरुप उपहार दिए। भैया दूज को यम द्वितीय भी कहते हैं। भैया दूज के दिन बहनें रोली और अक्षत से अपने भाई के माथे पर तिलक करती हैं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है। वहीं भाई भी बहनों को उपहार देकर उनकी खुशियों को दोगुना करते हैं। इस दिन बहने भाई को तिलक लगाकर उन्हें लंबी उम्र का आशीर्वाद देती हैं। हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार भैया दूज को मृत्यु के देवता यमराज का पूजन किया जाता है। इस दिन ब्रज मंडल में बहनें अपने भाई के साथ यमुना स्नान करती है। जिसका विशेष महत्व बताया गया है।

# धोखाधड़ी कर जमीन हड़पने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|चोपटा

पुलिस ने धोखाधड़ी कर जमीन हड़पने की साजिश का पर्दाफाश करते हुए जिले के गांव जसनियां निवासी राजेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी नाथुसरी चोपटा राधेश्याम ने गुरुवार को बताया की पुलिस चौकी कागदाना इंचार्ज एएसआई दीपक कुमार ने आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए उसके घर पर दबिश दी। पुलिस टीम को देखकर आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस टीम की सतर्कता से उसे काबू किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने वर्ष 2020 में अपने खेत पड़ोसी कृष्ण कुमार की अनपढ़ता और अज्ञानता का फायदा उठाकर उसे धोखे से तहसील नाथूसरी चौपटा ले जाकर उसकी एक एकड़ जमीन अपनी पुत्रवधु के नाम पर रजिस्ट्री करवा ली थी। आरोपी ने स्वीकार किया कि



बाद में जब जमीन का मामला खुल गया तो उसने उक्त भूमि को अपनी पुत्रवधु के नाम से अपने बेटे के नाम पर रजिस्ट्री दर्ज करवा दिया ताकि पीड़ित कोई केस दर्ज न कर सके। आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इसके अलावा पुलिस ने हेरोइन सहित युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान रानियां रोड निवासी विरेंद्र सिंह के रूप में हुई है। एएनसी प्रभारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस टीम शहर में गश्त पर मौजूद थे।

# 'सारंग' सांस्कृतिक कार्यक्रम में एमएम कॉलेज के विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने लूटी वाहवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶|फतेहाबाद

मनोहर मेमोरियल कॉलेज के संगीत विभाग द्वारा दीपावली के उपलक्ष्य में 'सारंग' नामक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों ने सराहा। कार्यक्रम के दौरान संगीत विभाग के नवनिर्मित कक्ष का शुभारंभ भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. उषा दहिया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में एमएम एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान राजीव बत्तरा उपस्थित रहे, जिन्होंने विभाग के नए कक्ष का उद्घाटन किया। एजुकेशन सोसाइटी से सतपाल अरोड़ा एवं सुदर्शन बत्तरा भी कार्यक्रम में विशेष तौर पर सम्मिलित हुए।



फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में 'सारंग' सांस्कृतिक कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते मुख्यअतिथिगण।

**कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विविध संगीत प्रस्तुतियां दीं**

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुरचरणदास ने की। प्रसिद्ध भजन गायिका रजनीश शर्मा एवं प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना नेहा शर्मा भी इस अवसर पर विशिष्ट रूप से उपस्थित रहीं। संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा शर्मा ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया, विद्यार्थियों का परिचय करवाया तथा कार्यक्रम का संचालन किया। विभाग के डॉ. अनिल शर्मा ने विद्यार्थियों से विविध संगीत प्रस्तुतियां करवाईं और उन्हें आगामी युवा महोत्सव के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रो. नितिन सचदेवा, प्रो. वंशज रहेजा तथा तबला वादक सावन कुमार ने भी विद्यार्थियों को सहयोग प्रदान किया। कॉलेज से एसएस मल्होत्रा के अलावा अन्य विभागों के प्राध्यापक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. गुरचरणदास ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मेहनत और लगन से की गई तैयारी के बल पर निश्चित ही युवा महोत्सव में सफलता उनके कदम चूमेगी। उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।



### मंडी के चौकीदारों को दिए तोहफे, मानदेय में की बढ़ोतरी

**फतेहाबाद।** व्यापार मंडल अनाजमंडी द्वारा दीपावली के उपलक्ष्य में अनाजमंडी के सभी चौकीदारों को मिठाईयां व सर्दी से बचाव के लिए गर्म कम्बल व अन्य सामान वितरित किया गया। इसके अलावा इन कर्मचारियों के मानदेय में बढ़ोतरी कर इन्हें दिवाली का विशेष उपहार दिया। इस मौके पर सभी कर्मचारियों ने व्यापार मंडल का धन्यवाद व्यक्त किया। व्यापार मंडल प्रधान जगदीश भादू ने कहा कि चौकीदार अपनी मेहनत व लगन के साथ मंडी की सुरक्षा सेवा में जुटे रहते हैं, इसलिए इनका मान सम्मान करना सबका फर्ज हैं। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल के जुड़े कर्मचारियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। प्रधान जगदीश भादू ने कहा कि चौकीदार अपनी मेहनत, निष्ठा और ईमानदारी के साथ दिन-रात मंडी की सुरक्षा में लगे रहते हैं। तेज धूप हो, बरसात हो या कड़ाके की सर्दी, ये सभी परिस्थितियों में अपनी ड्यूटी निभाते हैं ताकि व्यापारी और किसानों की फसल पूरी सुरक्षा में रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मठ चौकीदार हमारे व्यापार तंत्र की रीढ़ हैं, जिनकी वजह से मंडी में शांति और व्यवस्था बनी रहती है, इसलिए इनका मान-सम्मान करना केवल हमारा फर्ज नहीं, बल्कि हमारा कर्तव्य है।

### श्री रघुनाथ मंदिर में मनाया अन्नकूट पर्व

**फतेहाबाद।** श्री रघुनाथ मंदिर में अन्नकूट पर्व धूमधाम से मनाया गया, जिसमें सैंकड़ों साधकों ने पूजा-अर्चना में भाग लिया। इस मौके पर उपप्रधान कैलाश बत्रा ने मुख्य यजमान के तौर पर पूजा करवाई। इस दौरान पुजारी राकेश शर्मा ने गिरिराज गोवर्धन महाराज की विधिवजा-अर्चना करवाई तथा भजन कीर्तन के माध्यम से गिरिराज जी महाराज का गुणगान किया। पुजारी जी ने गोवर्धन जी का माहात्म्य तथा कथा सुनाई, जिसका श्रद्धालुओं ने बड़े ही भाव से श्रवण किया। उन्होंने कहा कि इस पृथ्वी पर गिरीराज जी महाराज प्रत्यक्ष देवता है, जो कि कृष्ण भगवान की बाल लीलाओं के साक्षी रहे हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में एक बार अवश्य गिरीराज महाराज की परिक्रमा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग गिरिराज जी की सात कोस की परिक्रमा पर नहीं जा पाते, वे इस पर्व में कथा के दौरान मंत्रों से आह्वान करके स्थापित किए गिरिराज जी के श्रीविग्रह की चार परिक्रमा करके भी उसी पुण्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने श्रीकृष्ण भगवान द्वारा गोवर्धन महाराज को उंगली पर उठाए जाने की कथा को विस्तार से बताया। इस दौरान उमंग सरदाना ने सुंदर सुंदर भजनों से श्रद्धालुओं को सराबोर कर दिया। अंत में आरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।



फतेहाबाद। श्री रघुनाथ मंदिर मे अन्नकूट पर्व पर उपस्थित श्रद्धालु।



कैथल। गेट मीटिंग के दौरान नारेबाजी करते कर्मचारी

### साइबर अपराध जागरूकता अभियान चलाया

**फतेहाबाद।** साइबर थाना फतेहाबाद द्वारा आमजन में साइबर अपराधों से बचाव के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को बढ़ते ऑनलाइन अपराधों से सुरक्षित रखना एवं डिजिटल सुरक्षा के प्रति सजग बनाना है। अभियान के तहत साइबर थाना टीम ने बस स्टैंड फतेहाबाद, प्रमुख बाजारों, शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर लोगों को साइबर ठगी, फिशिंग कॉल, फर्जी वेबसाइट, लिंक शेयरिंग, बैंकिंग धोखाधड़ी, ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड और सोशल मीडिया पर होने वाले अपराधों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। टीम ने नागरिकों को सचेत करते हुए बताया कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ अपनी निजी या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें, किसी फर्जी लिंक या ऑफर पर क्लिक करने से बचें, और संदिग्ध कॉल प्राप्त होने पर तुरंत पुलिस या हेल्पलाइन नंबर से संपर्क करें। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि थाना टीम द्वारा समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर इस प्रकार के साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि लोग सतर्क रहकर स्वयं और दूसरों को साइबर अपराधों से बचा सकें। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी या साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाएँ।

### माता की याद में गौशाला में स्थापित की त्रिवेणी

**फतेहाबाद।** हिन्दू धर्म में गाय को मां का दर्जा दिया जाता है और उसकी सेवा करना बहुत ही पुण्यकारी है। माना जाता है कि गौसेवा से दिवंगत व्यक्ति की आत्मा को शांति मिलती है और घर-परिवार में सुख-समृद्धि आती है। इसी कड़ी में भट्टू के प्रमुख समाजसेवी एवं गौशाला कमेटी के प्रधान ब्रह्मानंद गोयल द्वारा हरा-भरा भट्टू ट्रस्ट के सहयोग से अपनी माता श्रीमती कुंती देवी धर्मपत्नी स्व. राजाराम गोयल ठेकेदार की 41वीं पुण्यतिथि पर गौसेवा कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर गौशाला में विशेष हवन यज्ञ किया गया वहीं गौशाला में गौभक्तों को भोजन भी करवाया गया। इस अवसर पर गोयल परिवार की तरफ से गौशाला में एक त्रिवेणी की भी स्थापना की गई और गौशाला को गौसेवा के कार्यों के लिए 21 हजार रुपये की दान राशि भी भेंट की गई। इसके अलावा क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रहे हरा-भरा भट्टू ट्रस्ट के सहयोग से गरिमा धर्मपत्नी अखिलेन्द्रजीत बाना द्वारा तथा शोभा धर्मपत्नी विकास मित्तल निवासी हिसार द्वारा भी गौशाला में एक-एक त्रिवेणी की स्थापना की गई है। आने वाले समय में यह त्रिवेणियां गौशाला के वातावरण को हरा-भरा बनाने का काम करेंगी। इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रधान राजाराम हुड्डा, सोनू सांई, देवेन्द्र बाना, पंकज कुमार ने सभी गौभक्तों का धन्यवाद किया।



फतेहाबाद। भट्टूकलां गौशाला में परिवार सहित त्रिवेणी लगाते ब्रह्मानंद गोयल।





### हरियाणा पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटर यूनियन की बैठक

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद जिले मे हरियाणा पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटर यूनियन की बैठक विश्वकर्मा धर्मशाला में भारतीय मजदूर संघ के जिला महामंत्री अमित शर्मा की अध्यक्षता मे हुई। बैठक में कम्प्यूटर ऑपरेटरों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र डुल्ट ने भारतीय मजदूर संघ की नीतियों के बारे मे विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि भारतीय मजदूर संघ हमेशा राष्ट्र हित, उद्योग हित और कर्मचारी हित को लेकर कार्य करता है। इस अवसर पर हरियाणा पंचायत कम्प्यूटर ऑपरेटर यूनियन फतेहाबाद जिले की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

# लंबित मांगों को लेकर शिक्षकों का जिला स्तरीय प्रदर्शन सात को फतेहाबाद में

हरिभूमि न्यूज ▶▶|फतेहाबाद

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ द्वारा शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर 7 नवम्बर को जिला स्तर पर रोष प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन के बाद भी अगर सरकार ने शिक्षकों की मांगों पर सकारात्मक कदम नहीं उठाया तो प्रदेशभर के शिक्षक 8 नवम्बर को पानीपत में शिक्षामंत्री के कैम्प कार्यालय पर राज्य स्तरीय प्रदर्शन करेंगे। जिला स्तरीय प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर अध्यापक संघ की बैठक आज जिला प्रधान राजपाल मित्ताथल की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव देसराज माचरा ने किया। बैठक में विशेष तौर पर उप महासचिव कृष्ण नैन, राज्य ऑडिटर सुरजीत दुसाद, राज्य सचिव पूनम रानी, जिला उपप्रधान डॉक्टर नीतू डुडेजा ने भी भाग लिया।

- **प्रदेशभर के शिक्षक 8 नवम्बर को पानीपत में शिक्षामंत्री के कैम्प कार्यालय पर राज्य स्तरीय प्रदर्शन करेंगे**

**शिक्षक संघ का आंदोलन निर्णय**

*बैठक को संबोधित करते हुए अध्यापक नेताओं ने कहा कि शिक्षकों के कैशलेस मेडिकल सुविधाओं को अभिभावकों के लिए भी बिना आय सीमा के शुरू करने, प्रदेश में 30 हजार से अधिक खाली पड़े शिक्षकीय पदों पर नियमित भर्ती, छात्रों की प्रोत्साहन राशि, गैर शैक्षणिक कार्यों की अधिकता पर रोक लगाने, टेट बारे पुनर्विचार याचिका डालने, मुख्याध्यापक पद पर पदोन्नति सहित अनेक मांगों को लेकर संघ ने आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। शहरों की बाहरी बस्तियों में आवश्यकता अनुसार नए विद्यालय खोले जाएं, चिराग योजना को तत्काल बंद किया जाए तथा अध्यापकों से गैर-शैक्षणिक कार्य लेना बंद हो। बैठक में अस्थाई भर्ती पर रोक, बैकलॉग पूरा करने, हरियाणा के अध्यापकों के लिए पृथक वेतन आयोग का गठन एवं उसके लागू होने तक 5000 मासिक अंतरिम सहायता दिए जाने, पुरानी पेंशन नीति बहाल करने, कॉम्यूटेशन की अवधि 10 वर्ष करने तथा 60, 70, 80 वर्ष के पेंशनर्स के लिए पेंशन में आयु-आधारित वृद्धि की मांग भी की गई।*

**समाधान की मांग** क्षेत्र के किसानों को खाद की समस्या, सेम की समस्या सहित कई समस्याओं का किया जिक्र

धान, नरमा, बाजरा सहित सभी फसलो का नुकसान के आधार पर मुआवजा किसनों के खाते में जल्द से जल्द डाला जाए

# किसानों की मांगों को लेकर तहसीलदार को सीएम सैनी के नाम सौंपा ज्ञापन

- **जिले के सभी अनाज मंडियों में धान व अन्य फसल एमएसपी पर खरीदी जाए।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिरसा

भारतीय किसान यूनियन सिरसा इकाई ने मांगों को लेकर गुरुवार को मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार नाथुसरी चोपटा को ज्ञापन सौंपा। यूनियन के जिला अध्यक्ष राकेश कस्वां, विकास कुमार, विनोद कुमार, मोहनलाल, प्रताप सिंह आदि ने बताया कि चोपटा क्षेत्र के किसानों को खाद की समस्या, सेम की समस्या सहित कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। इसी को देखते हुए मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम तहसीलदार नाथुसरी चोपटा को ज्ञापन देकर आठ प्रमुख मांगों को हल करवाने की मांग की गई है।



सिरसा। तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते किसान। फोटो : हरिभूमि

**जिले में डीएपी खाद की कमी पूरी हो**

उन्होंने बताया कि प्रमुख मांग जिनमें सिरसा जिले में डीएपी खाद की कमी को पूरा किया जाए, पिछले दिनों किसानों की फसलों जैसे धान, नरमा, बाजरा सहित सभी फसलो का नुकसान के आधार पर मुआवजा किसनों के खाते में जल्द से जल्द डाला जाए। मेरी फसल मेरा ब्योरा व क्षतिपूर्ति पोर्टल में कुछ किसानों की जमीन को साईबर ठगों ने अपने नाम ऑनलाईन कर ली थी इसलिए उसकी पूर्ण रूप से विभाग द्वारा जांच करवा के असली किसानों के खातें में मुआवजा की राशी डाली जाए। प्रत्येक जिले में जो मल्टीपर्पज ड्रेन जो सेम के पानी की निकासी बनाया गया वह बरसात के समय ओवरफ्लो होकर टूट जाता है जिसका उचित समाधान किया जाए। चोपटा तहसील के गांवो में करीब 100 करोड़ रुपये की लागत से जो सेम की समस्या को दूर करने के लिए सौलर पैनल व पाइप लाइन लगाई गई थी उसमें से कुछ सौलर पैनल तेज बरसात व तूफान से टूट गए हैं और पाइप लाइन भी सही से नहीं चल रही है। इस पोजेक्ट का सही से निरीक्षण करवाया जाए। जिले के सभी अनाज मंडियों में धान व अन्य फसल एमएसपी पर खरीदी जाए। आज तक पिछले वर्षों का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में लंबित बीमा व मुआवजा जारी किया जाए।

## खबर संक्षेप

### डीडीपीओ ने शिविर में सुनीं जनसमस्याएं

**सिरसा।** स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी बलजीत सिंह चहल ने आमजन की पांच शिकायतें सुनी और विभागों को जल्द समाधान के निर्देश दिए। डीडीपीओ बलजीत सिंह चहल ने कहा कि सभी विभाग आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ करें, ताकि आमजन को असुविधा न हो और सरकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले।

### भ्रष्टाचार पर रोक के लिए सतर्क चैटबॉट लॉन्च

**सिरसा।** हरियाणा राज्य सतर्कता व भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने एआई-आधारित व्हाट्सएप चैटबॉट 'सतर्क' लॉन्च किया है। यह पहल पारदर्शिता, जवाबदेही और भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति को दर्शाती है। इस सेवा के माध्यम से नागरिकों को ब्यूरो की कार्यप्रणाली और प्रक्रियाओं से जुड़ी जानकारी एक सरल रूप में प्राप्त होगी। नागरिक क्यूआर कोड को स्कैन करके या वेबसाइट पर जाकर इस चैटबॉट तक पहुंच सकते हैं। यह चैटबॉट हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है और उपयोगकर्ता के अनुकूल है।

### इग्नू में असाइनमेंट की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर

**सिरसा।** इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी के अंतर्गत जिन विद्यार्थियों ने जनवरी 2025 में दाखिला लिया है उनके लिए असाइनमेंट जमा कराने की तिथि को 31 अक्टूबर 2025 तक बढ़ा दिया गया है। इग्नू स्टडी सेंटर राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा के कोऑर्डिनेटर डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि असाइनमेंट जमा कराने की तिथि बढ़ाने संबंधी सूचना इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी क्षेत्रीय केंद्र करनाल से प्राप्त हुई है।

### बाइक सवार युवक हेरोइन सहित काबू

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान वाल्मीकि चौक क्षेत्र से बाइक सवार युवक को 9 ग्राम 50 मिलीग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा प्रभारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि बीती 22 अक्तूबर को एएसआई विनोद कुमार पुलिस टीम के साथ गश्त के दौरान वाल्मीकि चौक पर मौजूद थे। इसी दौरान शिव चौक की ओर से बाइक पर सवार युवक आता हुआ दिखाई दिया। युवक ने पुलिस पार्टी को देखकर भागने की कोशिश करने लगा।

### अपहरण व मारपीट मामले का तीसरा आरोपी दबोचा

**सिरसा।** सदर थाना पुलिस ने अपहरण व मारपीट के मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान गांव खैरेकां निवास रूली राम के रूप में हुई है। सदर थाना प्रभारी निरीक्षक सुखदेव सिंह ने बताया कि बीती 4 अगस्त को गांव खैरेका निवासी शिकायतकर्ता गोविंद के साथ रुलीराम, विजय, पवन, सेठी व अन्य दोअज्ञात युवकों ने घग्घर बांध के पास नशे के सौदे में शक के चलते अपहरण कर मारपीट की थी। आरोपियों ने गोविंद को बांध के पास बने एक कमरे में बंधक बनाकर प्लास्टिक पाइप व डंडों से बेरहमी से पीटा, जिससे उसे गंभीर चोटें आई। गोविंद के बयान पर थाना सदर में मामला दर्ज किया गया था।

## एडीसी ने समाधान शिविर में सुनीं समस्याएं

# बीमा राशि देने में देरी को सहन नहीं किया जाएगा




फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते एडीसी अनुराग ढालिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

**कृष्ण कुमार ने जाति सत्यापित करवाने, हड़ौली निवासी शीलो ने निशानदेही की नकल ना देने, वार्ड नंबर 3 फतेहाबाद निवासी दिनेश कुमार ने बीपीएल सूची में दोबारा नाम दर्ज करने की मांग की**

लघु सचिवालय के सभागार में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं के आवेदनों को लंबित न रखा जाए और न ही उनके समाधान में कोई देरी की जाए। अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने बताया कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा हर सोमवार और वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहकर आमजन की शिकायतों का निवारण करते हैं। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे समाधान शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और अपनी समस्याओं का निवारण कराएं और सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। समाधान शिविर में ढिंगसरा निवासी रेनू ने वर्ष 2022 से वर्ष 2025 तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा राशि दिलवाने व कृष्ण कुमार ने जाति सत्यापित करवाने, हड़ौली निवासी शीलो ने निशानदेही की नकल ना देने, वार्ड नंबर 3 फतेहाबाद निवासी दिनेश कुमार ने बीपीएल सूची में दोबारा नाम दर्ज करने, भिरड़ाना निवासी दुनी चंद ने न्यायालय में दिए फैसले अनुसार इंतकाल दर्ज करने, प्रकाश कौन ने पीपीपी आईडी में आय कम करने तथा मताना निवासी रोशन लाल ने पीपीपी आईडी में इनकम सही करवाने संबंधी अपनी शिकायत रखी।

**ये रहे मौजूद**

बैठक में एसडीएम राजेश कुमार, डीडीपीओ अनूप सिंह, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक अमित पंवार, डिप्टी सीएमओ डॉ. शरद तुली, जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# शहीद जवानों के परिवारों से मिले पुलिस अधिकारी, किया सम्मानित

- परिवार को हरसंभव सहायता का आश्वासन भी दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। शहीद जवानों के परिवार से मिलते पुलिस अधिकारी।

फतेहाबाद पुलिस द्वारा देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद सैनिकों के परिजनों से भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस पहल का उद्देश्य शहीद परिवारों के प्रति विभाग की संवेदनशीलता और निरंतर सहयोग की भावना को सुदृढ़ करना है। इस क्रम में हेड कांस्टेबल रोहताश अपनी टीम सहित गांव बहबलपुर निवासी शहीद जवान होशियार सिंह पुत्र सरदार चरणजीत सिंह के घर पहुंचे। पुलिस टीम ने शहीद परिवार से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और यह जानकारी ली कि उन्हें किसी प्रकार की सुरक्षा या प्रशासनिक समस्या तो नहीं है। टीम ने परिवार को आश्वस्त किया कि यदि किसी भी प्रकार की आवश्यकता या समस्या उत्पन्न होती है तो फतेहाबाद पुलिस हर समय तत्पर रहेगी। इसी प्रकार थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश कुमार अपनी टीम के साथ शहीदों घर में पहुंचे।

# अनुसूचित जाति वर्ग के युवक-युवतियों को मिलेगा निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण

- योजना के तहत कुल 2200 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की ओर से जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं और युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। यह प्रशिक्षण 38 से 75 दिनों की अवधि का होगा, जिसके अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों को विभिन्न व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। योजना के अंतर्गत कुल 2200 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें प्रत्येक जिले से 20-20 प्रशिक्षु चयनित किए जाएंगे। जिला प्रबंधक कुलदीप सैनी ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत सहायक सौंदर्य थैरेपिस्ट, सहायक हेयर ड्रेसर और स्टाइलिस्ट, ब्राइडल फैशन और पोर्टफोलियो मेकअप कलाकार, स्व-रोजगार दर्जी तथा सहायक फाल्स सीलिंग और ड्राईवॉल इंस्टॉलर जैसे कोर्स करवाए जाएंगे। इन कोर्सों में पुरुष व महिलाएं अपनी योग्यता के अनुसार आवेदन कर सकते हैं। सभी कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास रखी गई है, जबकि कुछ कोर्सों में दसवीं जरूरी है।

**38 से 75 दिन तक दिया जाएगा प्रशिक्षण**

**फतेहाबाद।** हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से अनुसूचित जाति के महिला एवं पुरुष अभ्यर्थियों के लिए विभिन्न व्यावसायिक ट्रेडों में निशुल्क गैर-आवासीय कौशल प्रशिक्षण आयोजित करवाया जा रहा है। इन प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों की अवधि 38 से 75 दिन तक होगी, जो हरियाणा कौशल विकास मिशन के निर्धारित मानकों के अनुसार संचालित किए जाएंगे। हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के जिला प्रबंधक कुलदीप सैनी ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों से अपना रोजगार खोल सकेंगे।

# पुलिस ने गुम हुए लाखों के 16 मोबाइल फोन ढूंढ़े, एसपी ने मालिकों को सौंपा

- टीम अब तक 247 से अधिक मोबाइल मालिकों को सौंप चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। लोगों को उनके गुम हुए मोबाइल फोन सौंपते एसपी सिद्धांत जैन।

साइबर थाना फतेहाबाद की टीम ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए लाखों रुपये के गुम हुए 16 मोबाइल फोन ढूंढ निकाले हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसपी सिद्धांत जैन ने करीब 10 लाख कीमत के 16 मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे। अब तक साइबर थाना की टीम 247 से अधिक मोबाइल फोन बरामद कर लौटाने की उपलब्धि हासिल कर चुकी है। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार के नेतृत्व में टीम ने आईएमईआई ट्रेसिंग, डिजिटल सर्विलांस और लोकेशन ट्रैकिंग जैसी तकनीकों का उपयोग कर इन मोबाइलों को ट्रेस किया। प्रत्येक फोन की बरामदगी के पीछे महीनों की मेहनत, सटीक विश्लेषण और पुलिस की समर्पित कोशिशें रही हैं। कार्यक्रम में जब एसपी जैन ने मोबाइल मालिकों को उनके फोन सौंपे, तो माहौल भावनाओं से भर गया। किसी की आंखों में खुशी थी, तो किसी के चेहरे पर संतोष की चमक।

# बीमा कंपनियों पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप

- सिान 27 को भट्टू तहसील कार्यालय पर करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। किसान सभा की बैठक में मांगों को लेकर चर्चा करते किसान नेता।

जिले में भारी बरसात के कारण किसानों की फसलें खुराब हो गई है। किसान मुआवजे के लिए परेशान हो रही है वहीं बीमा कम्पनियां अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर क्लेम के नाम पर ऑब्जैक्शन लगाकर किसानों के साथ धोखा कर रही है। इसके विरोध में अखिल भारतीय किसान सभा के आह्वान पर 27 अक्टूबर को भट्टूकलां तहसील कार्यालय पर किसानों द्वारा रोष प्रदर्शन किया जाएगा। यह निर्णय आज अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी भट्टू कलां की हुई मीटिंग में लिया गया। मीटिंग सुभाष चन्द्र भादु की अध्यक्षता में हुई जिसमें मुख्य वक्ता किसान सभा के जिला प्रधान कामरेड विष्णु दत्त व मा. हनुमान सिंह ने हिस्सा लिया। किसान नेताओं ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की गलत नीतियों की वजह से किसान और मजदूर कर्ज की गर्त में फंसता जा रहा है। फतेहाबाद जिले में हजारों एकड़ जमीन में जलभराव व सेम की वजह से फसलें बिल्कुल तबाह हो गई है। जिससे किसान परेशान हो रहे है।

**एमएसपी पर नहीं हो रही खरीद**

थोड़ी बहुत जो फसल बची है, उसको भी सरकार निर्धारित मूल्य पर नहीं खरीदा जा रहा है। चाहे वो नरमा-कपास, धान, मूंगफली की फसल हो, किसानों को जमकर लूटा जा रहा है। उन्होंने सरकार ने किसानों को राहत पहुंचाने के लिए टूटी-फूटी घोषणा की गई थी, वो भी अभी तक जारी नहीं किया है। फसल बीमा करने वाले कम्पनियों ने भी जमकर लूट मचाई हुई है। बीमा क्लेम देने से बचने के लिए कम्पनियां फसलों के नुकसान को कम दिखाकर तरह-तरह की ऑब्जेक्शन लगा रही है, लेकिन प्रशासन के अधिकारी चुप्पी साधे बैठे है।



फतेहाबाद। किसानों से पराली ना जलाने की अपील करते कृषि विकास अधिकारी।

### किसानों को पराली न जलाने को किया प्रेरित

**फतेहाबाद।** कृषि विकास अधिकारी डॉ. अमित कुमार ने जिले के विभिन्न गांवों खारा खेड़ी, काजलहेड़ी, कुम्हारिया, भोडा होसनाक व बरसीन का दौरा करते हुए किसानों से पराली न जलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से न केवल मिट्टी की उर्वरता कम होती है, बल्कि वायु प्रदूषण बढने से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन की वैज्ञानिक विधियों के बारे में जानकारी दी और बताया कि सरकार द्वारा पराली का वैज्ञानिक प्रबंधन करने वाले किसानों को 1200 रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने किसानों से कहा कि वे पराली प्रबंधन मशीनों जैसे सुपरसीडर, हैप्पी सीडर आदि का उपयोग कर मिट्टी की सेहत बनाए रखें। इस मौके पर वहां मौजूद एक किसान ने बताया कि वह पराली को जलाने की बजाय पशुओं के चारे के रूप में उपयोग करेगा और बचे हुए फानों को सुपरसीडर की मदद से खेत में मिलाएगा, जिससे भूमि की उर्वरक शक्ति में वृद्धि होगी। कृषि विकास अधिकारी डॉ. अमित कुमार ने ऐसे किसानों की सराहना करते हुए अन्य किसानों से भी इस पहल को अपनाने की अपील की।

# रिलिविंग आदेश रद नहीं हुए तो होगा राज्य स्तर पर संघर्ष : एचएसईबी

- दोनों जेई को सब डिवीजन से रिलीव करने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। मांगों को लेकर धररनारत बिजली कर्मचारी।

सिटी सब डिवीजन में कार्यरत दो जेई राजेश कुमार और मदन लाल को सिटी एसडीओ द्वारा बिना किसी कारण रिलिव किए जाने को लेकर कर्मचारियों का संघर्ष जारी है। निगम अधिकारियों की ओर से इस संबंध में अभी कोई बातचीत नहीं किए जाने से कर्मचारी में रोष बढ़ता जा रहा है। धरनारत कर्मचारियों ने बताया कि सिटी एसडीओ रमेश कुमार ने बिना किसी शिकायत व कारण दोनों जेई को सब डिवीजन से रिलीव कर दिय। यूनियन पदाधिकारियों ने एसडीओ रमेश कुमार से बातचीत की तो उन्होंने इस संबंधी कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया और मामले को गोलमोल कर चले गए। यूनियन की चेतावनी के बाद भी दोनों को रिलीव कर दिया गया, जबकि पूरे सिरसा सर्कल में विभिन्न पदों पर बहुत से कर्मचारी टेंपरेरी ऑर्डर पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके साथ-साथ कर्मचारियों की भारी कमी के कारण बहुत से कर्मचारी अपनी सीट या कार्य से हटकर अन्य सीटों पर टेम्प्रेरी बैठे हैं। जिससे निगम का कार्य कर्मचारियों की कमी होने के बावजूद चल रहा है।

# डीएमसी से चार्ज वापस :बीजेपी जिला प्रधान ने दिखाई ताकत

- दुड़ा राम और प्रवीन जोड़ा में बढ़ सकती है खींचतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



संजय बिश्नोई



प्रवीण जोड़ा

भाजपा जिला प्रधान द्वारा दिवाली तक अतिक्रमण हटाओ अभियान की घोषणा के बाद भी जारी रहे अभियान से नाराज श्री जोडा कल मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिले और डीएमसी संजय बिश्नोई के तबादले की मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा जल्द ही एचसीएस की तबादला सूची जारी होगी। उसमें तबादला हो जाएगा। लेकिन जिला प्रधान ने कहा कि यह मामला उनकी प्रतिष्ठा से जुड़ा है। इस पर मुख्यमंत्री ने तुरंत जिला नगर आयुक्त संजय बिश्नोई से चार्ज वापिस लेने के आदेश दिए।

**नेताओं में सीधी टक्कर**

आदेश से दुकानदारों में खुशी का माहौल है तो प्रवीन जोड़ा का पार्टी और शासन में दबदबा बढ़ सकता है। उल्लेखनीय है कि डीएमसी पूर्व विधायक दुड़ा राम के नजदीकी रिश्तेदार है और दुड़ा राम ही उन्हें यहां लाए थे। डीएमसी से चार्ज लेना सीधी दुड़ा राम को चुनौती की तरह है। अभी तक तो जिला प्रधान और पूर्व विधायक में अप्रत्यक्ष रस्साकशी चल रही थी, लेकिन अब दोनों नेताओं में सीधी लड़ाई शुरू हो सकती है।

# 10 मीटर शूटिंग में मनीष ने जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



देहरादून में आयोजित नॉर्थ जोन शूटिंग चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग में ईगल आई शूटिंग रेंज के होनहार शूटर मनीष ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर अकादमी व जिले का नाम रोशन किया है। कोच गुरविंद्र सिंह और जगमिंद्र सिंह ने होनहार शूटर मनीष को बधाई के साथ-साथ भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने संयुक्त रूप से बताया कि इस प्रतियोगिता में कई राज्यों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सिरसा से ईगल आई शूटिंग रेंज से मनीष ने 10 मीटर एयर पिस्टल में प्रतिभागिता की और अपने सटीक निशाने से कांस्य पदक पर कब्जा किया। मनीष पिछले कुछ समय से एकेडमी में प्रशिक्षण ले रहा है और उसकी शूटिंग के प्रति काफी रूचि है और अपनी मेहनत से वह एक दिन राष्ट्रीय व अंतरराष्टीय स्तर पर भी देश का नाम रोशन करेगा।

## 31 को प्रदेश भर में आयोजन, जिले में एडीसी होंगे ओवरऑल इंचार्ज

# रन फॉर यूनिटी की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने ली बैठक

**उपायुक्त डॉ भारती ने लघु सचिवालय के सभागार में ली बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। अधिकारियों की बैठक लेते उपायुक्त डॉ. विवेक भारती।

देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय समरसता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर को जिले में रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत भवन के सामने से झंडी दिखाकर करेंगे, जिसके बाद यह दौड़ एमएम कॉलेज परिसर में संपन्न होगी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र की एकता, अखंडता और देशभक्ति के भावों को सुदृढ़ करने का प्रतीक है। उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग मिल-जुलकर इस आयोजन को सफल बनाएं ताकि यह कार्यक्रम जिले में एक प्रेरणादायी उदाहरण बन सके। उन्होंने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए कि रन फॉर यूनिटी के मार्ग पर पेयजल की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि प्रतिभागियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही स्थानीय निकाय विभाग को निर्देश दिए गए कि रन फॉर यूनिटी के पूरे रूट पर साफ-सफाई और स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। वहीं पुलिस विभाग को यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने और सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, रेडक्रॉस सोसायटी, विकास एवं पंचायत विभाग, खेल विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए।

**बैठक में ये अधिकारी रहे मौजूद**

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया, एसडीएम राजेश कुमार, जिप सीईओ सुरेश कुमार, अधीक्षण अभियंता एसएस राय, डीएसपी कुलवंत सिंह, डीडीपीओ अनूप सिंह, डीआरओ श्याम लाल, डीईओ संगीता बिश्नोई, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक अमित पंवार, डिप्टी सीएमओ मेजर डॉ. शरद टूली, कार्यकारी अभियंता देवेंद्र सिंह, जिला खेल अधिकारी विष्णु दास सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।